# सूचना पट्ट

## ड्राइंग शीट्स मुद्रण हेतु सीमित निविदा सूचना

वर्ष–2019 की परीक्षाओं के उपयोगार्थ ड्राइंग शीट्स मुद्रित कर बोर्ड कार्यालय की गोपनीय शाखा के उत्तर पुस्तिका हॉल में आपूर्ति करने हेतु सीमित निविदाएँ आमन्त्रित की जा रही हैं। मुद्रण की अनुमानित लागत रू. 90,000/– है। रिक्त निविदा प्रपत्र राजस्थान लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in अथवा बोर्ड की वेबसाईट www.rajeduboard.nic.in से भी प्राप्त किया जा सकता है। भरी हुई निविदा निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 10.12.2018 को अपराह्न 3:00 बजे तक स्वीकार की जावेगी व दिनांक 10.12.2018 को अपराह्न 4:00 बजे उपस्थित निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। लिफाफे पर ''गोपनीय शाखा की ड्राइंग शीट्स हेतु निविदा'' तथा सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर का पता अंकित होना चाहिए।

**– निदेशक गोपनीय**

उपाबन्ध 'क'

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान,अजमेर

क्रमांक : गोप./ड्राइंग शीट/2019/5 दिनांक :

.............................................................
.............................................................
.............................................................

महोदय/महोदया,

वर्ष–2019 की परीक्षाओं के उपयोगार्थ निम्नानुसार अनुमानित संख्या में ड्राइंग शीट्स मुद्रित कर बोर्ड कार्यालय की गोपनीय शाखा के उत्तर पुस्तिका हॉल में आपूर्ति करने हेतु निविदा के लिये अनुरोध किया जा रहा हैं :–

| क्र.सं. | ड्राइंग शीट्स का आकार | संख्या | रीम |
|---|---|---|---|
| 1. | ड्राइंग शीट्स (59X89 सेमी/4)<br>कटिंग/ट्रिमिंग उपरान्त 29X44 सेमी | 2,52,000 | 126 |
| 2. | ड्राइंग शीट्स (फुल साईज) 51X74 सेमी | 1,91,000 | 382 |

**(अनुमानित संख्या में आवश्यकतानुसार वृद्धि/कमी भी हो सकती है)**

**विशेष** :– ड्राइंग शीट्स पर बोर्ड द्वारा बताये अनुसार कोने पर B.S.E.R. शब्द का छिद्रण व बायीं ओर ऊपर कोने में एक छोटा छिद्र किया जाना है तथा प्लास्टिक बैग में पैकिंग कर आपूर्ति की जानी है।

मुद्रण की अनुमानित लागत रू. 90,000/– है। रिक्त निविदा प्रपत्र sppp.raj.nic.in अथवा www.rajeduboard.nic.in से प्राप्त किया जा सकता है। भरी हुई निविदा निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 10.12.2018 को अपराह्न 3:00 बजे तक स्वीकार की जावेगी एवं उसी दिन अपराह्न 4:00 बजे उपस्थित निविदादाता अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। लिफाफे पर "गोपनीय शाखा की ड्राइंग शीट्स मुद्रण हेतु निविदा" तथा सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर का पता अंकित होना चाहिए।

**निदेशक गोपनीय**

# निविदा एवं संविदा की शर्तें

## 1. निविदा भरना एवं दरों का अंकन

(i) दरों की इकाईयों में किसी भी स्थिति में परिवर्तन नहीं किया जाना चाहिये और दरें अंकों के साथ शब्दों में भी अवश्य लिखी जानी चाहिये। अंकों व शब्दों की दर में अन्तर/भिन्नता की स्थिति में नियम 64 के अनुसार दर पर विचार किया जायेगा।

(ii) **समस्त उत्कथित दरें एफ.ओ.आर. बोर्ड कार्यालय (गोपनीय शाखा), अजमेर होनी चाहिए और उनमें समस्त कर शामिल होना चाहिये।** स्थानीय प्रदायकों के मामलों में भी दरों में समस्त कर शामिल होना चाहिये तथा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर द्वारा कोई गाड़ी–भाड़ा या परिवहन व्यय नहीं दिया जायेगा। दरों की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की दिनांक से **तीन माह तक** रहेगी। फर्म को मुद्रण हेतु शीट्स उपलब्ध करवाते समय कार्डशीट्स के मूल्य की राशि बैंक गारण्टी/FDR के रूप में बोर्ड में जमा करवानी होगी। यह राशि कुल मूल्य की न्यूनतम 50% भी जमा करवाई जा सकती है। फर्म द्वारा जितनी राशि की बैंक गारण्टी/FDR दी जाती है उतनी ही राशि की शीट्स देय होंगी। बैंक गारण्टी बोर्ड कार्यालय में भिजवानी होगी। बैंक गारण्टी अथवा FDR (सचिव, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान, अजमेर के नाम) न्यूनतम छः माह के लिए होनी चाहिये। जिसे आवश्यकतानुसार बढ़ाया भी जा सकेगा। निश्चित राशि की कार्डशीट्स की आपूर्ति अथवा बोर्ड द्वारा मुद्रण की सुनिश्चितता व निरीक्षण उपरान्त कार्डशीट्स की आगामी किश्त मुद्रण हेतु जारी की जा सकेगी।

(iii) निविदादाता द्वारा दी गई बैंक गारण्टी/FDR, ड्राइंग शीट्स का पूर्ण हिसाब फर्म से प्राप्त होने व शीट्स का सम्पूर्ण मिलान होने पर लौटा दी जाएगी।

(iv) शीट्स की गणना की दृष्टि से प्रत्येक 100 पर स्लिप लगानी होगी। ड्राइंग शीट्स (1/4 आकार) 2,000–2,000 की संख्या में तथा ड्राइंग शीट्स (फुल साईज) 1,000–1,000 की संख्या में प्लास्टिक की पैकिंग में भेजनी होगी।

(v) क्र.सं. 1 व 2 पर वर्णित ड्राइंग शीट्स बोर्ड द्वारा दिये गये नमूने के अनुसार मुद्रित करवाई जाएगी तथा कार्य समाप्ति पर यह प्रमाण पत्र देना होगा कि आदेशित समस्त शीट्स की आपूर्ति कार्यालय को कर दी गई है एवं फर्म के पास एक भी शीट शेष नहीं है।

(vi) उपरोक्त हेतु कार्ड शीट बोर्ड कार्यालय द्वारा उपलब्ध करवाई जायेगी तथा प्रति रीम 1 शीट वेस्टेज (Wastage) देय होगी।

(vii) मुद्रक को ड्राइंग शीट्स बोर्ड के जयपुर स्थित गोदाम से स्वयं के व्यय पर प्राप्त करनी होगी तथा मुद्रण के उपरान्त उन्हें बोर्ड कार्यालय, अजमेर की गोपनीय शाखा तक पहुँचाना होगा।

(viii) निविदादाता को अपने कार्यालय, गोदाम तथा वर्कशॉप के भू–गृहादि का पूरा पता निश्चित रूप से देना चाहिये, जहाँ जाकर निरीक्षण किया जा सके और उस व्यक्ति का नाम और पता भी अवश्य देना चाहिये जिससे इस कार्य हेतु सम्पर्क किया जा सके।

(ix) सफल निविदादाता को बोर्ड के जयपुर स्थित गोदाम से उपाबन्ध 'ग' में दिये गये विवरण के अनुसार ड्राइंग शीट्स उपलब्ध करायी जायेगी, जिन पर मुद्रण करके बोर्ड के अजमेर स्थित गोदाम तक मुद्रित शीटस की आपूर्ति करनी होगी।

(ix) सफल निविदादाता द्वारा 2 माह में मुद्रित सामग्री उपलब्ध न कराने पर बोर्ड द्वारा उपलब्ध करायी गयी ड्राइंग शीट्स की लागत/कीमत पर 1% प्रतिमाह डेमरेज की दर से शुल्क फर्म से अतिरिक्त वसूला जायेगा।

## 2. आपूर्ति, त्रुटि एवं दण्ड :–

(i) निविदादाता जिसकी निविदा स्वीकार की गई है, कार्यादेश की दिनांक से कार्यादेश में दर्शायी गयी अवधि (प्रूफ अनुमोदन सहित अधिकतम 30 दिवस) में वस्तुओं के प्रदाय की व्यवस्था करेगा। निविदा में दिखलाई गई मात्रायें अनुमानित हैं। वस्तुओं के प्रदाय की व्यवस्था बोर्ड की आवश्यकता के अनुसार करनी होगी।

हस्ताक्षर निविदादाता

(ii) यदि निविदादाता, निविदा प्रपत्र में विनिर्दिष्ट कालावधि के भीतर माल की सुपुर्दगी न कर पाये तो क्रय अधिकारी अपने विवेकानुसार माल की सुपुर्दगी की अवधि निविदादाता से किये गये करारानुसार परिनिर्धारित नुकसानी, जो शास्ति नहीं होगी, की वसूली के अध्यधीन बढ़ा सकेगा। यह वसूली उस सामान के मूल्य के प्रतिशत की राशि के बराबर निम्नानुसार तथा सम्मति में हुई नीचे बतायी गई देरी के लिये होगी :

| | | |
|---|---|---|
| क. | निर्धारित सुपुर्दगी की कालावधि की 1/4 कालावधि की देरी के लिये | **2.5 प्रतिशत** |
| ख. | 1/4 से अधिक परन्तु निर्धारित सुपुर्दगी की कालावधि के 1/2 से अनधिक कालावधि की देरी के लिये | **5 प्रतिशत** |
| ग. | 1/2 से अधिक परन्तु निर्धारित सुपुर्दगी की कालावधि की 3/4 से अनधिक कालावधि की देरी के लिये | **7.5 प्रतिशत** |
| घ. | 3/4 से अधिक की देरी के लिए | **10 प्रतिशत** |

(iii) यदि प्रदायक कोई भी प्राकृतिक विपदा उत्पन्न होने के कारण संविदात्मक प्रदाय पूर्ण करने का समय बढ़ाने की अपेक्षा करे तो वह इसके लिये उस प्राधिकारी को, जिसने प्रदाय का आदेश दिया है, बाधा उत्पन्न होने पर तुरन्त लिखित में आवेदन करेगा, लेकिन प्रदाय पूर्ण करने की निर्धारित दिनांक के पश्चात् नहीं। कार्य की आवश्यकता के अनुसार प्राधिकारी समय सीमा बढ़ाने के लिये बाध्य नहीं होगा।

(iv) यदि निविदादाता ऐसी शर्तें आरोपित करता है जो इसमें वर्णित शर्तों के अतिरिक्त है या उनके विरोध में है तो उसकी निविदा को संक्षिप्त रूप में कार्यवाही कर रद्द कर दिया जाएगा। किसी भी सूरत में इनमें से किसी भी शर्त को स्वीकार किया हुआ नहीं समझा जाएगा जब तक कि बोर्ड द्वारा जारी किए गए निविदा स्वीकृति के पत्र में विशेष रूप से उल्लिखित न किया गया हो।

(v) **GST की राशि का भुगतान अतिरिक्त रूप से भुगतान की मूल रसीदें अथवा रसीदों की स्वप्रमाणित फोटो प्रति प्रस्तुत करने पर स्वीकृत दर के अतिरिक्त भुगतान तत्समय प्रचलित दरों पर देय होगा। प्रस्तुत रसीदों में यदि अन्य बिलो की GST भी सम्मिलित है तो बोलीदाता को इस भुगतान से संबंधित अण्डरटेकिंग देनी होगी। बिल में GST की राशि पृथक से दर्शानी होगी। यदि भुगतान के समय तक GST भुगतान की रसीदें प्रस्तुत नहीं की जाती है तो शेष राशि में से GST की कटौती कर नियमानुसार भुगतान किया जावेगा। यदि GST के अलावा अन्य कोई कर देय होते है तो उनका पृथक से भुगतान देय नहीं होगा।**

(vi) यदि किसी भी पक्ष द्वारा कानूनी कार्यवाही संस्थित किये जाने की आवश्यकता पड़े तो यह कार्यवाही अजमेर (राजस्थान) स्थित न्यायालयों में ही संस्थित करनी होगी।

(vii) अन्य नियम एवं शर्तें, जिनका उल्लेख ऊपर नहीं किया गया है, राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 के प्रावधानों के अनुसार होगी।

**3. भुगतान प्रक्रिया :–**

(i) किसी भी प्रकार का अग्रिम भुगतान नहीं किया जावेगा।

(ii) सम्पूर्ण माल प्राप्त होने एवं निरीक्षण समिति द्वारा माल का निरीक्षण विभागीय कागज के नमूने से करने तथा माल के सम्बन्ध में सभी प्रकार से संतुष्ट हो जाने पर ही बिल का भुगतान किया जा सकेगा।

(iii) सम्पूर्ण माल प्राप्त होने, फर्म का बिल प्राप्त होने पर तथा निरीक्षण समिति द्वारा माल का निरीक्षण करने एवं कार्यालय स्तर की जाँच रिपोर्ट सामग्री के नमूनों की धर्मकांटे पर तुलाई कराकर कागज के वजन की गणना आदि होने पर बिल की राशि का भुगतान किया जावेगा।

**हस्ताक्षर निविदादाता**

## घोषणा

उपरोक्त समस्त शर्तें मैंने/हमने ध्यानपूर्वक पढ़ ली हैं और मुझे/हमें स्वीकार हैं। अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर का निर्णय मुझे/हमें स्वीकार्य होगा। निर्धारित परिशिष्ट 'बी' में आवश्यक घोषणा प्रत्येक से हस्ताक्षर कर संलग्न कर दी गई है।

दिनांक : ............................

**निविदादाता के हस्ताक्षर**
**मय सील**

# Annexure B: Declaration by the Bidder regarding Qualification

<u>Declaration by the Bidder</u>

In relation to my/our Bid submitted to …………………… for procurement of ………………….. in response to their notice Inviting Bids No ………………. Dated I/we hereby declere under Section 7 of Rajasthen Transparency in Public Procurement Act, 2012, that :

1. I/we possess the necessary professional, technical financial and managerial resources and Competence required by the Bidding Document issued by the Procring Entity;
2. I/we have fulfilled my/our obligation to pay such of taxes payable to the Union and the state Government or any local authority as specified in the bidding Document;
3. I/we are not insolvent, in receivership, bankrupt or being wound up, not have my/ our affairs administered by a court or a judicial officer, not have my/our business activities suspended and not the subject of legal proceeding for any of the foregoing reasons;
4. I/we do not have, and our directors and officers not have, been convicted of any criminal offence related to my/ our professional conduct or making of false statements or misrepresentation as to my/our qualifications to enter into a procurement contract within a period of three years preceding the commencement of this procurement process, or not have been otherwise disqualified pursuant to debarment proceeding;
5. I/we do not have a conflict of interest as specified in the Act, Rules and the Bidding Document, which materially affects fair competition;

Date : ……………..

Place: ……………..

Signature of bidder …………………………..

Name : ………………………………………………..

Designation : ……………………………………

Address: ……………………………………………

उपाबन्ध 'ग'

सचिव
माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान
अजमेर

**विषय :– वर्ष–2019 की परीक्षाओं हेतु ड्राइंग शीट्स मुद्रण सम्बन्धी सीमित निविदा के क्रम में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत कार्यालय द्वारा जारी सीमित निविदा क्रमांक गोप./ ड्राइंग शीट/2018/5, दिनांक के क्रम में अपनी दरें निम्नानुसार प्रस्तुत कर रहा हूँ।

| क्र. सं. | ड्राइंग शीट्स | संख्या | रीम | दर रू. प्रति रीम GST के अतिरिक्त समस्त कर सहित | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अंकों में | शब्दों में |
| 1. | ड्राइंग शीट्स (59X89 सेमी/4) कटिंग/ट्रिमिंग उपरान्त 29X44 सेमी | 2,52,000 | 126 | | |
| 2. | ड्राइंग शीट्स (फुल साईज) 51X74 सेमी | 1,91,000 | 382 | | |

GST पंजीयन संख्या ............................................... (पंजीयन प्रमाण पत्र की प्रति संलग्न करें।)

GST HSN कोड ..................................................... GST दर .................. प्रतिशत है।

नोट :–

1. बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराई गई ड्राइंग शीट्स पर मुद्रित कर सप्लाई FOR अजमेर बोर्ड कार्यालय में करनी होगी।
2. GST का भुगतान पृथक से निविदा शर्त संख्या 2 (v) के अनुसार देय होगा।

बैंक का नाम ...............................................

शाखा .........................................................

खाता संख्या ...............................................

IFSC कोड ....................................................

PAN ..........................................................

दूरभाष नं. (STD सहित)....................................

मोबाईल नं. ...................................................

ई–मेल ........................................................

निविदादाता के हस्ताक्षर ...........................................

हस्ताक्षरकर्त्ता का पूरा नाम : .......................................

फर्म का नाम : ..........................................................

पूरा पता : ...............................................................

.............................................................................

.............................................................................